प्रेस नोट/सराहनीय कार्य दिनांक 19-10-2020

एक अदद कट्टा 12 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल (हीरो होण्डा स्पेलण्डर) के साथ एक शातिर चोर गिरफ्तार।

श्री राम अभिलाष त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश, श्री मायाराम वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री राणा महेन्द्र प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 19.10.2020 को मुखबीर की सूचना पर परसौना बन्धे पर उ.नि. विक्रम अजीत राय मय पुलिस बल व SSB टीम के साथ संदिग्ध/वाहन व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से बानगंगा की तरफ से आता हुआ दिखायी दिया, पास आने पर उक्त व्यक्ति को मोटरसाइकिल (हीरो होण्डा स्पेलण्डर) के साथ पकड़ लिया गया। नाम-पता पूछने पर अपना नाम उपेन्द्र विश्वकर्मा उर्फ बब्बू पुत्र सूर्यलाल विश्वकर्मा ग्राम सिकौथा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर बताया। उक्त व्यक्ति की जामा तलाशी ली गयी तो पहने पैन्ट के दाहिने तरफ खोसा हुआ एक अदद कट्टा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। तथा गाड़ी संख्या UP41C1762 हीरो होण्डा स्पेण्डर के सम्बन्ध मे कागजात मांगा गया तो बताया कि साहब कठेला क्षेत्र से चोरी किया था और नेपाल बेचने के लिये ले जा रहा था कि आप लोगो द्वारा पकड़ लिया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 268/2020 धारा 41/411 व मु.अ.सं. 269/2020 धारा 3/25 शस्त्र अधि. पंजीकृत कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

बरामदगी का विवरण-

1-एक अदद कट्टा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर।

2-हीरो होण्डा स्पेलण्डर संख्या UP41C1762।

अभियुक्त का विवरण-

1-उपेन्द्र विश्वकर्मा उर्फ बब्बू पुत्र सूर्यलाल विश्वकर्मा ग्राम सिकौथा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

पुलिस टीम का विवरण-

1. उ.नि. विक्रम अजीत राय चौकी प्रभारी खुनुवां थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर
2. हे.का. उमेश यादव चौकी खुनुवां थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर
3. हे.का. इन्द्रदेव चौबे चौकी खुनुवां थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर

SSB टीम का विवरण-

1. भूपेन्द्र कुमार सिंह BOP खुनुवां थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर
2. हे.का. प्रदीप यादव BOP खुनुवां थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर
3. का. अमित कुमार BOP खुनुवां थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर
4. का. जगदीश प्रसाद BOP खुनुवां थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर

प्रेस नोट दिनांक 19.10.2020

“मनचले / शोहदे गिरफ्तार”

श्री राम अभिलाष त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार “अपराध रोकथाम व अपराधियों” के विरूद्ध चलाये जा रहे अभिय़ान के क्रम में श्री मायाराम वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण एव श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी व श्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक इटवा के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 19.10.2020 को समय 15.20 बजे थाना इटवा के व.उ.नि. श्री रामेश्वर यादव मय पुलिस टीम के द्वारा मुखबीर के सूचना के आधार पर मु.अ.सं. 203/20 धारा 294 भा.द.वि के अभियुक्त इरशाद अहमद पुत्र अब्दुल रसीद मोहम्मद शाह, ग्राम विस्कोहर, थाना त्रिलोकपुर, जनपद सिद्धार्थनगर को इटवा चौराहे के पास से आने जाने वाली महिलाओ / लड़कियो पर फब्बतियाँ कसते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त –

01. इरशाद अहमद पुत्र अब्दुल रसीद मोहम्मद शाह, ग्राम विस्कोहर, थाना त्रिलोकपुर, जनपद सिद्धार्थनगर

गिरफ्तार करने वाली टीम –

व.उ.नि. रामेश्वर यादव
का. देवनाथ यादव
म.का. छाया द्विवेदी

प्रेस नोट दिनांक 19.10.2020

एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

श्री राम अभिलाष त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान" के अन्तर्गत श्री मायाराम वर्मा अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में श्री राणा महेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन में अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा आज दिनांक 19.10.2020 को प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ रामअशीष यादव के निर्देशन मे मु.अ.सं. 266/2020 धारा 380/511 IPC से सम्बन्धित अभियुक्त बदरे आलम पुत्र रफीक निवासी रोमनदेई थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर को उ.नि. अजयनाथ कन्नौजिया मय टीम के द्वारा मुखबीर की सूचना पर ग्राम रोमनदेई से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त –

1. बदरे आलम पुत्र रफीक निवासी रोमनदेई थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली टीम –

उ.नि. अजयनाथ कन्नौजिया थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर

का. अनिल चौहान थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर

का. प्रदुम्न कुमार थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थ नगर।

प्रेस नोट दिनांक 19-10-2020

पंद्रह हजार रुपये के इनामिया वाँछित अपराधी को पुलिस ने दबोचा, एक अवैध तमंचा मय कारतूस तथा चोरी के सामान बरामद।

श्री राम अभिलाष त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए गए अभियान के अन्तर्गत श्री मायाराम वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व श्री राणा महेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन में श्री तहसीलदार सिंह, प्रभारी निरीक्षक ढेबरूआ, उप निरीक्षक महेश सिंह, प्रभारी चौकी बढ़नी तथा हमराह पुलिस बल द्वारा आज दिनाँक 19.10.2020 को रात्रि काल में शातिर तथा इनामिया वांछित अपराधी फ़ैयाज़ उर्फ बटलर को थाना क्षेत्रान्तर्गत बढनी रेलवे क्रासिंग के पास गिरफ्तार कर लिया गया। यह अभियुक्त कई अभियोगों में वांछित था और कई माह से फरार चल रहा था। इसके तीन सहअभियुक्त वर्तमान में जेल में हैं। पुलिस द्वारा इसकी तलाश की जा रही थी। इसकी गिरफ्तारी के लिए रू.15000/ का पुरस्कार भी उद्घोषित किया गया था। इसके पास से एक अदद अवैध तमंचा, एक कारतूस, चोरी की एक अंगूठी बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

फ़ैयाज़ उर्फ बटलर पुत्र कल्लू उर्फ शमशुद्दीन निवासी वार्ड नं. 11, गोला बाज़ार, बढ़नी थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।

अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग-

1. मु.अ.सं. संख्या: 236/2020 धारा 380/411/414 IPC थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।
2. मु.अ.सं. संख्या: 238/2020 धारा 401/269/270/291 IPC व धारा 3 महामारी अधिनियम व 51B आपदा प्रबंधन अधिनियम थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।
3.मु.अ.सं. संख्या: 278/2020 धारा 3/25A ACT थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।
4.मु.अ.सं. संख्या: 10/2019 धारा 379/411 IPC थाना जीआरपी आनंदनगर अनुभाग गोरखपुर।
5. मु.अ.सं. संख्या: 120/2019 धारा 323/506/352 IPC थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।
6. .अ.सं. संख्या: 121/2019 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।

बरामदगी-

1. एक अदद अवैध तमंचा मय एक कारतूस 315 बोर।
2- एक अदद चोरी की अंगूठी पीली धातु।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. तहसीलदार सिंह, प्रभारी निरीक्षक ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर।
2. उपनिरीक्षक श्री महेश सिंह प्रभारी चौकी बढ़नी थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।
3.हे0का0 विजय यादव, चौकी बढ़नी थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर।
4. कांस्टेबल अनिल कुमार सिंह, थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।
5. कांस्टेबल संदीप यादव, थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर।
6. कांस्टेबल अभिषेक यादव, थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर।
7-कांस्टेबल संजय कुमार, चौकी बढ़नी थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर।
8. कांस्टेबल अभयनन्दन, चौकी बढ़नी थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक- 19.10.2020

एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत की कार्यवाही में 53 शोहदे पकड़े गये।

जनपद सिद्धार्थनगर में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम और जनपद के सभी थानो पर गठित टीमों द्वारा आज जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले इलाके और पार्क आदि स्थानों पर पाए गए 53 मनचलों एवं शोहदों पर कार्यवाही की गयी।

माननीय मुख्यमंत्री उ.प्र. सरकार द्वारा मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध मे सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी आदेश के क्रम मे श्री राम अभिलाष त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अन्तर्गत श्री मायाराम वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 19.10.2020 को प्रभारी एण्टी रोमियो महिला उ0नि0 श्रीमती संध्या रानी तिवारी तथा समस्त थानो की एन्टी रोमियो टीमों द्वारा एण्टी रोमियो कार्यवाही के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा मुख्य सड़को, चौराहों आदि पर चेकिंग की गयी। इस दौरान 53 शोहदे पकड़े गये। शोहदो द्वारा माफी मांगने पर भविष्य में पुनरावृत्ति ना करने की हिदायत देने के बाद छोड़ा गया।
जनपद के विभिन्न कस्बों और गावो मे जागरूकता अभियान चलाया गया |

एण्टी रोमियों टीम का विवरण-

01- महिला उ0नि0 श्रीमती संध्यारानी तिवारी प्रभारी एण्टी रोमियो जनपद सिद्धार्थनगर।

02-आरक्षी रामविलास एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

03- आरक्षी राकेश कुमार यादव एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

04-महिला आरक्षी अमिता पटेल एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

05- महिला आरक्षी रिनू एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर |

06- विभिन्न थानो पर गठित एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर |